लोक-सभा वाद-विवाद

का

संक्षिप्त अनूदित संस्करण

SUMMARISED TRANSLATED VERSION

OF

5th

LOK SABHA DEBATES

[तीसरा सत्र
Third Session]

[खंड 10 में अंक 21 से 31 तक हैं
Vol. X Contains Nos. 21 to 31]

लोक-सभा सचिवालय

नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : एक रुपया

Price : One Rupee

विषय सूची/CONTENTS

अंक 23, मंगलवार, 14 दिसम्बर, 1971/23 अग्रहायण, 1893 (शक)
No. 23, Tuesday, December 14, 1971/Agrahayana 23, 1893 (Saka)

विषय	Subject	पृष्ठ Pages
हिन्द महासागर में अमरीका के सातवें बेड़े की गतिविधि के बारे में	Re. Movement of the U.S. Seventh Fleet into the Indian Ocean	1
सभा पटल पर रखे गए पत्र	Papers Laid on the Table	2—4
पूर्वी क्षेत्र में भारतीय तेल कम्पनी के उत्पादों की चोरी के बारे में 9 अगस्त, 1971 के तारांकित प्रश्न संख्या 1646 के उत्तर में शुद्धि	Correction of Answer to S.Q. No. 1646 dated 9.8.1971 Re. Pilferage of I.O.C. products in the Eastern region	5
अनुदानों की अनुपूरक मांगें (सामान्य), 1971-72	Demands for Supplementary Grants (General), 1971-72	5
श्री वीरेन दत्त	Shri Biren Dutta	5
श्री आर० के० सिंह	Shri R. K. Sinha	6
श्री रामावतार शास्त्री	Shri Ramavatar Shastri	6
श्री चिन्तामणि पाणिग्रही	Shri Chintamani Panigrahi	7
श्री मोहनराज कलिंगरायार	Shri Mohanraj Kalingarayar	7
डा० लक्ष्मीनारायण पाँडेय	Dr. Laxminarain Pandeya	8—9
श्री बीरेन्द्र सिंह राव	Shri Birender Singh Rao	9
श्री के० आर० गणेश	Shri K. R. Ganesh	9—10
विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 1971 (पुरःस्थापित और पारित)	Appropriation (No. 4) Bill, 1971—Introduced and passed	11
विचार करने तथा पारित करने के प्रस्ताव	Motions to consider and pass	
श्री के० आर० गणेश	Shri K. R. Ganesh	11—12
अनुदानों की अनुपूरक माँगें (पंजाब), 1971-72	Demands for Supplementary Grants (Punjab), 1971-72	12
श्री दशरथ देव	Shri Dasaratha Deb	12—13
श्री दरबारा सिंह	Shri Darbara Singh	13—14
श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र	Shri Teja Singh Swatantra	14—15
श्री राम सहाय पाँडे	Shri R. S. Pandey	15

	Subjeet	Pages
श्री मुख्तियार सिंह मलिक	Shri Mukhtiar Singh Malik	16—17
श्री बूटा सिंह	Shri Buta Singh	17
श्री के० आर० गणेश	Shri K. R. Ganesh	17
रक्षा मन्त्री के वक्तव्य के बारे में	Re. Statement by Defence Minister	15
पंजाब विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 1971 पुरःस्थापित	Punjab Appropriation (No. 2) Bill, 1971 Introduced	20
विचार करने तथा पारित करने के प्रस्ताव	Motions consider and pass	
श्री के० आर० गणेश	Shri K.R. Ganeeh	20
पूर्वोत्तर क्षेत्र (पुनर्गठन) विधेयक	Nor h Eastern Areas (Reorganisation) Bill	21
विचार करने का प्रस्ताव	Motion to consider	
श्री कृष्ण चन्द्र पन्त	Shri K. C. Pant	21
भारत पर पाकिस्तान के आक्रमण के संबंध में वर्तमान स्थिति के बारे में वक्तव्य	Statement Re: Latest position with regard to Pakistani Aggression on India	23
श्री जगजीवन राम	Shri Jagjivan Ram	23

लोक-सभा
LOK SABHA

मंगलवार, 14 दिसम्बर, 1971/23 अग्रहायण, 1893 (शक)
Tuesday, December 14, 1971/Agrahayna 23, 1893 (Saka)

लोक-सभा दस बजे समवेत हुई
The Lok Sabha met at Ten of the Clock

[**अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए** / **Mr. Speaker** *in the Chair*]

हिन्द महासागर में अमरीका के सातवें बेड़े की गति विधि के बारे में
Re. Movement of the U. S. Seventh Fleet into the Indian Ocean

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायामण्ड हार्बर) : मैंने संयुक्त राज्य के सातवें बेड़े के आगमन से उत्पन्न हुई स्थिति के सम्बन्ध में एक स्थगन प्रस्ताव की सूचना दी है।

अध्यक्ष महोदय : स्थगन प्रस्ताव सरकार के अधीन किसी विषय के सम्बन्ध में ही रखा जाता है।

श्री ज्योतिर्मय बसु : सरकार इस सम्बन्ध में वक्तव्य दे सकती है। मैंने एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना भी दी थी।

अध्यक्ष महोदय : मैं उस पर विचार करूंगा। कृपया स्थगन प्रस्ताव को नई परिभाषा न दीजिए।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता उत्तर पूर्व) : ढाका से कुछ अमरीकियों को निकालने के लिए हिन्द महासागर में आ रहे सातवें बेड़े के द्वारा अमरीका भारत को डराना और ब्लैकमेल करना चाहता है। हम सरकार से यह आश्वासन चाहते हैं कि सरकार उसकी इस गीदड़ भभकी में नहीं आयेगी। सरकार देश को अपने विश्वास में ले और बताए कि इस स्थिति को चुनौती देने के लिए उसने क्या किया है ?

श्री ज्योतिर्मय बसु : कुछ अमरीकियों को ढाका से निकालने के झूठे बहाने से अपने सातवें बेड़े के जहाज एन्टरप्राइज को हिन्द महासागर में भेजना राष्ट्रपति निक्सन की शरारतपूर्ण कार्यवाही है। इससे भारत की सुरक्षा को गम्भीर खतरा पैदा हो गया है। अतः इस पर सभा में चर्चा होनी चाहिए।

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : यह साम्राज्यवादी अमरीका की एक चाल है जबकि बंगला देश में पाकिस्तानी सेना आत्म समर्पण कर रही है। पाकिस्तान रेडियो द्वारा बंगला देश स्थित सेना को भी यह सूचना दी जा रही है कि अमरीका का सातवां बेड़ा उनकी सहायता करने आ रहा है।

मुझे पता है कि हमारी प्रधान मंत्री और सरकार इस धमकी के आगे झुकेंगी नहीं और इस बेड़े का यहां भी वैसा ही हाल होगा जैसे कि अमरीकियों को उत्तरी कोरिया और वियतनाम में मुंह की खानी पड़ी। जो भौंकते हैं, काटते नहीं। हम सब अपनी पवित्र भूमि के लिए लड़ने को तैयार हैं।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

Papers laid on the Table

राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत दिल्ली वित्त निगम का लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (**श्री के० आर० गणेश**) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूँ :

(1) राज्य वित्त निगम अधिनियम, 1951 की धारा 37 की उपधारा (7) के अन्तर्गत दिल्ली वित्त निगम के 31 मार्च, 1969 को समाप्त हुए र्ष के लेखे सम्बन्धी लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी० 1267/71**]

(2) अधिसूचना संख्या एफ० 5(14)—डबल्यू एण्ड एम/71 दिनाँक 13 दिसम्बर, 1971 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति जिसके द्वारा तीन राष्ट्रीय रक्षा ऋण जारी करने की घोषणा की गई है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी० 1268/71**]

पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत बोर्ड का वर्ष 1968-69 का वार्षिक प्रशासन प्रतिवेदन आदि

सिंचाई और विद्युत मंत्री (**डा० के० एल० राव**) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) (एक) पश्चिम बंगाल राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई दिनाँक 19 मार्च, 1970 की उद्घोषणा के खण्ड (ग) (तीन) के साथ पठित विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 75 की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति :—

(क) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत बोर्ड का वर्ष 1968-69 का वार्षिक प्रशासन प्रतिवेदन।

(ख) पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत बोर्ड का वर्ष 1969-70 का वार्षिक प्रशासन प्रतिवेदन ।

(दो) उपर्युक्त प्रतिवेदनों को सभा-पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारणों का एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1269/71**]

(2) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड नई दिल्ली, के वर्ष 1970-71 के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड नई दिल्ली, का वर्ष 1970-71 का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षित लेखे और उन पर विधेयक नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक की टिप्पणियां । [**ग्रंथालय रखा गया । देखिए संख्या एल०टी० 1270/71**]

अतारांकित प्रश्न संख्या 5229 के 19 जुलाई, 1971 को दिए गए उत्तर में शुद्धि करने वाला विवरण

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : मैं बेरोजगार इंजीनियरों को पेट्रोल पम्प देने के बारे में श्री बी० के० दास चौधरी के अतारांकित प्रश्न संख्या 5229 के 19 जुलाई, 1971 को दिए गए उत्तर को शुद्ध करने के सम्बन्ध में एक विवरण तथा उत्तर को शुद्ध, करने में हुए विलम्ब के कारणों का एक विवरण सभा पटल पर रखता हूँ । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1271/71**]

प्रशुल्क आयोग का अन्तरिम प्रतिवेदन (1971) आदि

विदेश व्यापार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० सी० जार्ज) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :

(1) प्रशुल्क आयोग अधिनियम, 1951 की धारा 16 की उपधारा (2) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :

(एक) (क) रंजक-मध्यवर्ती उद्योग को संरक्षण जारी रखने के बारे में प्रशुल्क आयोग का अन्तरिम प्रतिवेदन (1971) । [**ग्रन्थालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1272/71**]

(ख) सरकारी संकल्प संख्या 14(5)—टी०ए०आर०/71, दिनांक 10 दिसम्बर, 1971, जिसके द्वारा उपर्युक्त प्रतिवेदन के बारे में सरकार के निर्णय अधिसूचित किए गए हैं । [**ग्रंथालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 1273/71**]

(दो) (क) अल्यूमिनियम उद्योग को संरक्षण जारी रखने के बारे में प्रशुल्क आयोग का प्रतिवेदन (1971)। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 1274/71**]

(ख) सरकारी संकल्प संख्या 1(1)—टी०ए०आर०/71, दिनांक 10 दिसम्बर, 1971 जिसके द्वारा उपर्युक्त प्रतिवेदन के बारेमें सरकार के निर्णय अधिसूचित किये गये हैं। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी० 1275/71**]

(2) उपर्युक्त मद (1) दो में उल्लिखित दस्तावेज उक्त अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (2) में विहित अवधि के भीतर सभा-पटल पर न रखे जा सकने के कारणों का एक विवरण। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी 1276/71**]

(3) केन्द्रीय रेशम बोर्ड अधिनियम, 1948 की धारा 12क के अन्तर्गत केन्द्रीय रेशम बोर्ड के वर्ष 1970-71 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी० 1277/71**]

(4) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :

(एक) एक्सपोर्ट क्रेडिट और गारंटी निगम, लिमिटेड, बम्बई, के 1 जनवरी, 1969 से 31 दिसम्बर, 1969 तक की अवधि के कार्य की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) एक्सपोर्ट क्रेडिट और गारंटी निगम, बम्बई, का 1 जनवरी, 1969 से 31 दिसम्बर 1969 तक की अवधि का वार्षिक प्रतिवेदन तथा लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल०टी० 1278/71**]

अतारांकित प्रश्न संख्या 2718 के 22 जुलाई, 1971 को दिये गये उत्तर में शुद्धि करने वाला विवरण

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बैजनाथ कुरील) : मैं बाढ़ के कारण हुई हानि के लिए राज्यों को सहायता के बारे में श्री एन०ई० होरो के अतारांकित प्रश्न संख्या 2718 के 22 जून, 1971 को दिए गये उत्तर को शुद्ध करने के लिए एक विवरण तथा उत्तर को शुद्ध करने में हुए विलम्ब के कारणों का एक विवरण सभा-पटल पर रखता हूँ। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी० 1279/71**]

पूर्वी क्षेत्र में भारतीय तेल कम्पनी के उत्पादों की चोरी के बारे में 9 अगस्त, 1971 के तारांकित प्रश्न संख्या 1646 के उत्तर में शुद्धि

Correction to Answer to S. Q. No. 1646 dated 9. 8. 1971. re : Pilferage of I. O. C. products in the Eastern Region

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री पी० सी० सेठी) : 9-8-1971 को तारांकित प्रश्न संख्या 1646 के उत्तर को सभा-पटल पर प्रस्तुत करते समय मैंने उक्त प्रश्न के भाग (क) के उत्तर में अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया था कि कलकत्ता स्थित भारतीय तेल निगम लि० के पास प्राइवेट टैंक ट्रक कान्ट्रैक्टर्ज के उत्पादों के उठाईगीरी के सम्बन्ध में दो शिकायतें (अर्थात् नवम्बर, 1970 में राजबन्ध पर उक्त निगम के प्रतिस्थापन प्रबन्धक से और फरवरी 1971 में एक उपभोक्ता से) प्राप्त हुई थी। भारतीय तेल निगम लि० से अब प्राप्त हुई सूचना के आधार पर सही स्थिति यह है कि दूसरी शिकायत उक्त निगम के बज-बज प्रतिस्थापन को दिसम्बर, 1970 में प्राप्त हुई थी।

2. उपर्युक्त सूचना के अनुसार मैं माननीय सदस्यों को पहले दिए गये उत्तर में संशोधन के लिए निवेदन करता हूं। मैं यह भी बताना चाहता हूँ कि पहले दी गई अशुद्ध सूचना, भारतीय तेल निगम की पूर्वी शाखा से टेलीफून पर शीघ्रता से प्राप्ति के कारण थी और इसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूँ।

अनुदान की अनुपूरक मांगें (सामान्य), 1971-72

Demands for Supplementary Grants (General), 1971-72

श्री बीरेन दत्त (त्रिपुरा पश्चिम) : पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, मेघालय आदि में आए शरणार्थियों से सम्बन्धित अनुदानों की अनुपूरक मांगें यहां प्रस्तुत हैं, पर पाकिस्तानी आक्रमण के कारण उन्ही प्रदेशों के शरणार्थियों के बारे में सरकार ने क्या सोचा है ? लगभग 10 नगर बिल्कुल ध्वस्त हो गये है। परन्तु इस कारण से विस्थापित हुए लोगों के लिए इस अनुपूरक बजट में कोई उल्लेख नहीं है।

पश्चिम बंगाल में 400 मिलों के तुरन्त चलाये जाने की आवश्यकता है। विरोधी दलों के प्रति सरकार का अभी भी वही रवैया है जो इस आपात की स्थिति से पहले था। यह बड़े दुर्भाग्य की बात है।

ऐसी स्थिति में मिल मालिकों को जिन्होंने इस देश में बड़ी खुराफातें की है कोई मुआवजा नही दिया जाना चाहिये। मुआवजा देने के बजाय सरकार को उद्योग और कृषि की ओर अधिक जागरूक रहना चाहिए।

शरणार्थियों की सहायता की समस्या पर भी फिर से गौर करना पड़ेगा क्योंकि धन की कमी के कारण उन्हें समुचित सहायता नहीं दी जा रही है।

हमारी इस समय की मुख्य आवश्यकता यह है कि बन्द मिलों को चालू किया जाये, दमन-चक्र समाप्त किए जाए, सभी राजनीतिक बन्दियों को रिहा किया जाए, छटनी तालाबन्दी आदि बन्द की जाये, एकाधिकार वादियों पर कर लगाया जाये तथा आम जनता पर किसी प्रकार का भार न डाला जाये, अमरीका की सभी तेल फर्मों और अन्य फर्मों को सरकार को अपने हाथ में ले लेना चाहिये ।

सीमावर्ती राज्यों पंजाब, राजस्थान और काश्मीर की जनता के सम्बन्ध में नागरिक परिषद चिन्तित है । इन शब्दों के साथ मैं मांगों का समर्थन करता हूं ।

श्री आर० के० सिंह (फैजाबाद) : मैं अनुपूरक मांगों और नये कराधान का समर्थन करता हूँ । ये बजट प्रस्ताव ऐसे समय में संसद में लाये गए हैं जबकि पाकिस्तान के सैनिक प्रशासन ने हमारे ऊपर आक्रमण किया है, तथा चुनावों के आधार पर बहुमत से चुने गए शेख मुजीब को वहां का प्रधान मन्त्री नहीं बनाया क्योंकि वह भारत से मैत्री रखने के पक्षपर थे । अत: ऐसी स्थिति में और अधिक संसाधन जुटाने चाहिए और इसी उद्देश्य से यह कर लगाए गए हैं । इस संकट के समय में सारा देश प्रधान मन्त्री के साथ और बड़ी से बड़ी कुर्बानी करने के लिए तैयार है ।

Shri Ramavtar Shastri (Patna) : The people of our country are fighting valiantly against the American Imperialists and their stooges in order to liberate Bangla Desh and in this context the Government has moved the additional Demand No. 25 for enabling itself to help the refugees from Bangla Desh. Since the policy of American imperialists is clear, their capital and their assets in our country must be forfeited and they should be told that we are not going to be cowed down by their threats.

The Government should help the refugees to the best possible extent but the corruption prevalent there must be stopped and the wrong doers must be subjected to severest punishment.

The Government has made provision regarding advances to States through Demand No, 121, but the help extended to flood ravaged Bihar is not enough,

After the take-over of D. T. U. in Delhi, steps should be taken to remove the difficulties being faced by the travelling public.

Through Demand No. 144, the financial allocation for the P & T Department has been sought but adequte provision has not been made for providing accomodation to the employees of this Department. The Government should take steps to this effect. During this emergency, no individual unit should be allowed to close down and if the employers express their inability to run their units, their units must be taken over by the Government.

Immediate repair of the roads and highways is essential because many of the roads in Bihar, important from strategic view point, have been damaged due to recent floods.

To-day, U. S. A. and China have come closer to each other and they are having hostile attitude towards us. Every citizen of India, be he a labour or a farmer, is with the Government in its attempt to meet this danger.

In demand No. 134, allocation has been sought for roads. The roads which have been damaged by floods should be repaired immediately, particularly in Bihar. It is necessary to provide good roads in veiw of the out-break of war.

The Government should also see that the interests of labourers are protected so that all the people of India may collectively contribute their might for giving a befitting reply to the enemy.

श्री चिन्तामणि पाणिग्रही (भुवनेश्वर) इस समय जबकि पाकिस्तानी सैनिक शासकों ने भारत पर युद्ध थोप दिया है, केन्द्रीय सरकार ने बाढ़ तथा तूफान पीड़ित राज्यों के अ-राजपत्रित कर्मचारियों के लिए 20 करोड़ रुपये अग्रिम राशि के रूप में देना स्वीकार करके सराहनीय कदम उठाया है ।

केन्द्रीय सरकार द्वारा बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए मकानों की मरम्मत कराने के लिए केन्द्रीय सरकार के अराजपत्रित कर्मचारियों को ऋण दिये गये थे परन्तु उन्हीं क्षेत्रों में फिर तूफान आ गया और काफी बरबादी हुई फिर भारत सरकार द्वारा उन कर्मचारियों को मकान बनाने के लिए ऋण दिए गए हैं जिनके मकान बाढ़ों के कारण क्षतिग्रस्त हो गए हैं किन्तु निम्न स्तर के अधिकारी उन सरकारी कर्मचारियों को, जिन्होंने बाढ़ के लिए अग्रिम धन लिया था, कह रहे हैं कि वह उसकी सारी राशी वापस कर दें तभी उन्हें तूफान के कारण दिऐ जाने वाला ऋण दिया जाएगा । तूफान के कारण दिए जाने वाले अग्रिम में से बाढ़ के कारण दिए जाने वाले अग्रिम धन की कटौती की जा रही है । वर्तमान नियमों में कुछ कमी होने के कारण वितरण अधिकारियों ने उससे लाभ उठाया है सरकार को निर्देश देने चाहिए कि जहां तक बाढ़ के कारण राहत के रूप में दी गई धन राशि का सम्बन्ध है, इसे तूफान के कारण दिए गए अग्रिम धन में से नहीं काटा जाय बाढ़ राहत के लिए दिए गए धन चुकाने के बाद ही तूफान से हुई क्षति के लिए दिया गया अग्रिम धन वापस लिया जाना चाहिए ।

भारत सरकार ने उड़ीसा में तूफान पीड़ित लोगों को पुनः बसाने के लिए कुल कितनी राशि दी है ।

तूफान तीन महीने पहले आया था परन्तु इंडियन एयरलाइन्स के कर्मचारियों को ऋण तथा अग्रिम धन देने सम्बन्धी आदेश उड़ीसा में स्थानीय अधिकारियों को नहीं भेजे गए हैं तथा ऋण नहीं दिए जा रहे हैं ।

मांग संख्या 25 के अन्तर्गत शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए 100 करोड़ रुपये की मांग की गई है । अब जब बंगला देश को स्वतन्त्र कराया जा रहा है । तो सरकार को यह देखना चाहिए कि शरणार्थी योजनाबद्ध रूप से बंगला देश वापस जायें ।

श्री मोहनराज कलिंगरायार (पोल्लानी) : देश की समस्त जनता देश की स्वतन्त्रता तथा अखंडता की सुरक्षा के प्रयासों में सरकार के साथ है तथा सरकार को वह अपना पूरा समर्थन देने में किसी तरह पीछे नहीं रहेगी । सरकार से हमें आशा है कि वह आवश्यक वस्तुओं तथा न्यूनतम आवश्यकताओं को उचित मूल्यों पर उपलब्ध करायेगी । सरकार को भारत रक्षा अधिनियम के उपबन्धों को लागू कर देना चहिए और जमाखोरों तथा सट्टेबाजों को, जो देश के आन्तरिक शत्रु हैं, समाप्त कर देना चाहिए ।

आयकर-अधिनियम में संशोधन कर दिया जाना चाहिए ताकि यदि कोई व्यक्ति किसी विशेष अवधि के अन्दर करों की बकाया राशि का भुगतान न करे तो उसकी संपत्ति को अपने नियंत्रण

में लिया जा सके। इ से सरकार को आयकर तथा संपत्ति कर की बकाया राशि उगाहने में सहायता मिलेगी जो करोड़ों रुपयों में है।

यह सर्वविदित है कि बड़ें-बड़े एकाधिकारी अपने उत्पादन के बड़े भारी अंश को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर विक्रय कर अपवंचन करने में समर्थ हो जाते हैं। यदि आवश्यक समझा जाए तो राष्ट्रपति के अध्यादेशों द्वारा सरकार को इस प्रकार की हरकतों को समाप्त कर देना चाहिए

कुछ राष्ट्रों द्वारा आर्थिक सहायता बंद किए जाने की बात को ध्यान में रखते हुए सरकार को ऐश्वर्य की वस्तुओं के आयात पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए। ऐश्वर्य की वस्तुओं के वार्षिक आयात की औसत 100 करोड़ रुपये बैठती है। विदेशी मुद्रा के ससाधनों की रक्षा करनी चाहिए।

एक चिट फंड मालिक ने जमा पूंजी से लाखों रुपये के मूल्य के 8 मकान खरीदे हैं और वह आयातित डीलक्स कारों के क्रय-विक्रय का काम कर रहा है। गैर बैंकिंग कम्पनियों को जनता से जमा पूंजी लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

सरकारी क्षेत्र के उपक्रम अभी भी भारी घाटे में चल रहे हैं। यद्यपि हमने इन उपक्रमों में 3,000 करोड़ रुपये लगा दिये हैं तथापि उसके लाभकारी परिणाम नहीं निकले हैं। इस बात की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए कि ये उपक्रम घाटे में न चलें।

आज जिस संकट की घड़ी से देश गुजर रहा है उसमें हम देश के साथ कंधे से कंधा मिला कर चलने को तत्पर हैं और तमिलनाडु की सरकार ने भी देश की सुरक्षा के लिए सहयोग देने का प्रस्ताव किया है।

Dr. Laxmi Narain Pandey (Mandsaur) : I do not want to criticise the Government at this critical juncture but it appears that the Government is not so thoughtful about preparing budget as it should be. Previously, an amount of rupees sixty crores was provided in the budget for refugees and now they are asking for a provision of one hundred crores of rupees for that purpose. The Government was of the view that the refugees would return to their homeland within six months, but they did not return. Because of that to-day we are facing Pakistani aggression.

The Government has made a provision of advances and loans for the non-gazetted employees of the Central Government belonging to the flood and cyclone affected States, but some of the employees have not been able to get loans. The Government should pay attention towards them and the causes of the non-payment of loans to them should be ascertained.

It has also been proposed to give about rupees two crores to the Textile Corporation. I do not agree to it. So many textile mills have been taken over but I would like to draw the attention of the Government to the provident fund of employees of such textile mills because the previous management had defaulted in payment of Provident Fund dues of the employees to the extent of Rs. 19.7 lakhs. I request that steps be taken to see that the workers get their provident fund dues.

Public undertakings like Heavy Engineering Corporation are running at heavy losses and inspite of that the Government continue to extend financial help to them. What measures the Government have adopted or propose to adopt to convert losses into profits ?

A token grant for the construction of three hotels has been sought. To-day hotels are in a poor condition and they incur losses. Do the Government still want to run the hotels knowing that they incur losses ? The deficit budget was estimated at Rs. 2.33 crores. It is likely to increase upto Rs. 600 crores. During the state of emergency in the country, it would be better for the Government to give thought to this aspect.

There are proposals of constructing quarters for P & T staff. Such quarters should be constructed where it is essential to do so.

Shri Birendra Singh Rao (Mahendragarh) : While going through the book-let on Supplementary Demands I noticed that a demand has been made for the Ministry of Defence and it was my expectation that the Government must have sought a few crores of rupees to grant a sum of rupees twenty thousand or so as prize, on uniform basis, to our brave jawans who destroy tanks or aeroplanes. It was also my expectation that full pension would be given to the families of martyrs as would have been the case how they been living. I know of a case of a retired jawan of Patiala Force who was sanctioned an amount of Rs. 75.00 as pension in 1950, but his contention was that he should be paid pension at the rate of Rs. 156.00 per month. After 20 years' of litigation, the High Court gave judgement in his favour. This is how the pensions of retired armymen are calculated by the accountants of the Finance Ministry. The demand for rupees eight thousand in Supplementary Demands shows the narrowmindedness of the Shylocks who are working as Accounts Officers in the Ministry of Finance who always want to impair the bravery of our soldiers. The families of those vallant soldiers who lay down their lives for the mother-land gallantly and bravely are harassed and after a great turmoil they are able to get very little amount as pension. I hope the Government would look into this aspect.

There is Demand No. 47 which is about Chandigarh. After prolonged consideration and calculations, the Government arrived at the conclusion that the expenditure of the University at Chandigarh should be borne by the States of Himachal Pradesh, Haryana, Punjab and Union territory of Chandigarh on the basis of the number of students of these states receiving education in that University. But this method of distributing the expenditure is not proper.

The Shah Commission recommended Chandigarh in favour of Haryana but the Central Government kept it as a Union territory. The expenditure of the University should, therefore, be borne by the Central Government. This burden should in no case be put on Haryana, particularly when an announcement had been made that Chandigarh would be given to Punjab.

श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री आर० के० खाडिलकर) : पुनर्वास विभाग से सम्बन्धित बातों पर मैं कुछ कहना चाहता था···

अध्यक्ष महोदय : यह मैं आप पर ही छोड़ता हूं । वैसे ही हमने अधिक समय ले लिया है ।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : वाद-विवाद से स्पष्ट हो गया है कि इस देश की सुरक्षा के लिए सभी लोगों ने दृढ़ निश्चय कर रखा है । जो देश हमें धमकियां देना चाहते हैं दबाव डालना चाहते हैं, वे हमें अपने उस पथ से विचलित नहीं कर सकते हैं जो पथ हमारी सीमाओं की सुरक्षा करने से सम्बन्धित हो ।

मैं इस बात से सहमत हूँ कि गंभीर स्थिति का सामना करने के लिए संसाधन जुटाने सम्बन्धी भरसक प्रयास किये जाने चाहियें ।

साम्यवादी (मार्क्सवादी) दल के सदस्य ने संसाधनों को जुटाने तथा जन-प्रयास को अधिक सक्रिय बनाने के सुझाव दिये । इन सुझावों में से कुछ पर सरकार विचार कर रही है । जहाँ तक

बन्द मिलों को पुनः चलाने का सम्बन्ध है, औद्योगिक विकास मंत्रालय इस बारे में गम्भीरता से विचार कर रहा है। तूफान राहत के लिए केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को दी जाने वाली अग्रिम राशि सम्बन्धी नियमों पर भी सरकार विचार करेगी। जहां तक भविष्य निधि का सम्बन्ध है, सरकार अपने वचन को पूरा करेगी। इंडियन इलैक्ट्रिक वर्क्स के श्रमिकों की भविष्य निधि का धीरे-धीरे भुगतान किया जा रहा है। जहां तक एच० ई० सी० जैसे सरकारी उपक्रमों का सम्बन्ध है इसके सम्बन्ध में ऐसा प्रयास किया जा रहा है जिससे इनमें कार्यकुशलता बढ़े और इनमें लाभ अधिक होने लगे।

प्रमुख माँग बंगला देश से आये शरणार्थियो पर होने वाले खर्च के लिए है। इसके लिए हमने 100 करोड़ रुपये की राशी उस बजट में रखी है। माननीय सदस्य स्थिति के प्रति जागरूक हैं और उन्होंने इसीलिए अपनी टिप्पणियां सक्षेप में की हैं। इन शब्दों के साथ में सभा से सिफारिश करता हूँ कि वह बजट पास करे।

अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुदानों की निम्नलिखित अनुपूरक मांगे मतदान के लिए रखी गई तथा स्वीकृत हुई :

The following Demands for Supplementary grants were put and adopted :

मांग संख्या	शीर्षक	राशि रुपये
	(वित्त मंत्रालय)	
24	वित्त मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय.....	3,16,20,000
25	राज्यों और संघीय राज्यक्षेत्रों की सरकारों को सहायक अनुदान.....	1,00,00,00,000
	(विदेश व्यापार मंत्रालय)	
35	विदेश व्यापार मंत्रालय का अन्य राजस्व व्यय.....	2,00,00,000
	(गृह मंत्रालय)	
47	चण्डीगढ़.....	37,77,000
	(औद्योगिक विकास मंत्रालय)	
54	उद्योग.....	10,40,000
	(श्रम और पुर्नवास मंत्रालय)	
63	श्रम और पुर्नवास मंत्रालय.....	8,00,000
	(इस्पात और खान मंत्रालय)	
80	इस्पात और खान मंत्रालय.....	1,000
	(वित्त मंत्रालय)	

121	केन्द्रीय सरकार द्वारा ऋण और अग्रिम..... (विदेश व्यापार मंत्रालय)	29,76,43,000
124	विदेश व्यापार मंत्रालय का पूंजी परिव्यय (नौवहन और परिवहन मंत्रालय)	1,000
136	नौवहन और परिवहन मंत्रालय का अन्य पूंजी परिव्यय..... (इस्पात और खान मंत्रालय)	4,50,01,000
137	इस्पात और खान मंत्रालय का पूंजी परिव्यय..... (निर्माण और आवास मंत्रालय)	59,02,20,000
141	दिल्ली पूंजी परिव्यय..... (संचार मंत्रालय)	1,000
144	डाक और तार पर पूंजी परिव्यय (जिसे राजस्व खाते से पूरा नहीं किया गया).....	1,000

विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 1971

APPROPRIATION (NO. 4) BILL, 1971

अध्यक्ष महोदय प्रश्न यह है :

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि वित्तीय वर्ष 1971-72 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय तथा विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1971—72 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय तथा विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

श्री के० आर० गणेश : मैं विधेयक को पुरः स्थापित करता हूँ ।

मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि वित्तीय वर्ष 1971—72 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृव करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1971-72 की सेवाओं के लिये भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार कि । जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खंड 2 और 3, अनुसूची, खंड 1 अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खंड 2 और 3, अनुसूची खंड । अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 2 and 3 the Schedule clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill

श्री के० आर० गणेश : मैं प्रस्ताव करता हूँ :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अनुदानों की अनुपूरक मांगें (पंजाब) 1971-72

Supplementary Demands for Grants (Punjab) 1971-72

अध्यक्ष महोदय : अब सभा पंजाब राज्य के वर्ष 1971-72 के बजट के सम्बन्ध में अनुदानों की अनुपूरक मांगों पर विचार और मतदान करेगी ।

श्री दशरथ देव : (त्रिपुरा पूर्व) : श्रीमान्, माँग संख्या 9 के अन्तर्गत अधीनस्थ सेवाएं प्रवरण बोर्ड के गठन के लिए 5,51000 रुपये की राशि मांगी गई है । मेरी जानकारी के अनुसार इस बोर्ड का अस्तित्व अब ना के बराबर है, इसलिए यह मांग फिजूल है । मांग संख्या 13 के अन्तर्गत राज्य में मंत्रियों और बड़े अधिकारियों के लिए विश्राम गृहों के निर्माण के लिए 22,58,000 रुपये की राशि माँगी गई है । एक ओर देश को युद्ध से निपटना पड़ रहा है और

दूसरी ओर मंत्रियों और गणमान व्यक्तियों के विश्राम गृहों को वातानुकूलित बनाने या उनमें उत्तम किस्म का फर्नीचर डलवाने के लिए इतनी बड़ी राशि मांगी जा रही है। अतः मैं इस माँग का विरोध करता हूँ। साथ ही मेरा यह अनुरोध है कि मैसर्स हिमालय मिल्स को पंजाब सरकार ने 13,15 000 रुपये की जो राशि एक चलचित्र बनाने के लिए दी थी, वह राशि उक्त फर्म से वसूल की जाये, क्योंकि उसने प्रस्तावित चलचित्र बनाने में असमर्थता प्रकट की है। राज्य में सिंचाई, बाढ़-नियंत्रण तथा निचले स्थानों में पानी के भर जाने की योजनाओं के लिए 5,25 000 रुपये की राशि मांगी गई है। यह राशि बढ़ाई जानी चाहिए।

जहां तक पुलिस बजट का सम्बन्ध है, इसके लिए 1,13,53,518 रुपये की अतिरिक्त मांग की गई है। इसके लिए तर्क यह दिया गया है कि राज्य में बढ़ती हुई नक्सलवादी गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से पुलिस की शक्ति बढ़ाई जायेगी। परिणामतः पुलिस अधीक्षक के तीन पद बढाये जायेंगे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के तीन पद नये बनाये जायेंगे और उनके लिए अपेक्षित अन्य कर्मचारी भर्ती किये जायेंगे। पंजाब एक छोटा राज्य है, उसमें इतने बड़े पुलिस दल की क्या आवश्यकता है। क्या सरकार पुलिस के माध्यम से राज्य में राजनीतिक गतिविधियाँ ही समाप्त करना चाहती है ? दूसरे, पंजाब में नक्सलवादी गतिविधियां भी नगण्य ही हैं। नक्सलवादियों और समाज विरोधी तत्वों को दबाने का बहाना लेकर सरकार पुलिस को अधिक शक्ति देने जा रही है। इससे पूरे राज्य में एक खराब वातावरण पैदा हो जायेगा और इसके लिए अब केन्द्रीय सरकार जिम्मेदार होगी। गत दो वर्षों में पुलिस ने अनेक अत्याचार किये हैं। अनेक छात्रों और कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बिना वजह ही पकड़ा। उनमें से कई को उसने मौत के घाट उतार दिया। पुलिस उन गरीब किसानों और खेतीहर मजदूरों को पकड़ लेती है और उन पर अत्याचार करती है, जो निष्काम्य भूमि के ठीक वितरण के लिए आन्दोलन करते हैं। उन्हें वह नक्सलवादियों की संज्ञा दे देती है। अन्त में सरकार से अनुरोध है कि वह आन्तरिक सुरक्षा बनाये रखना अधिनियम का दुरुपयोग न करे और पुलिस लोगों को बिना कारण गिरफ्तार न करे और उन्हें स्वतंत्रता पूर्वक अपना काम करने दे और अपने विचार व्यक्त करने दे। इन शब्दों के साथ मैं प्रस्तुत मांगों का समर्थन करता हूं।

Shri Dardara Singh (Hoshiarpur): The estimates in the Supplementary Budget of Punjab amount to Rs. 3183.27 lakhs. Punjab State is facing extra ordinary situation these days. So supplementary demands in respect of Punjab State are justified. Our jawans are fighting against the forces of Pakistani Junta all along the borders. They are giving tough fight to Pakistani troops. As a result, the Pakistanis are retreating and Indian troops are advancing. In Punjab State, in border areas, a nnmber of canteens are being run for jawans who are showing their chivalry in the war with Pakistan. The people of Punjab are rendering good service to the jawans. They are supplying food, Clothes, blankets, milk etc. for them. They are donating liberally for National defence Fund. Government should, therefore, pay attentions to them. Here I would like to point out one thing. A sum of about 21 lakhs of rupees has been provided for renovation of rest houses in the State. Rest houses are proposed to be provided with modern amenities like good furniture sanitary installations, refrigerators and air-conditioners. This amount should be spent on rehabilitation of refugees or on providing more facilities to those who are fighting on borders. Money should not be spent for non-productive purposes. Instead, it should be spent on productive works. Money should be spent on the welfare of families of those who have laid their lives while defending their mother-land.

There are loop-holes in the budget. Last time also, the government had given Rs. 19,46,000 to jail authorities for supplying furniture for the schools. But the furniture

was not supplied. The Government should find out the reasons therefor. This is a stereo typed budget. It does not contain any concrete proposal. The Government should have examined the budget with a view to know as to whether money if being provided for essential items. This budget has not been prepared keeping in view the emergency in the country. Certain works have been included in the budget which have already been accompalished. We should strengthen our borders. We should provide telephones, wireless sets, vehicles for the Police so that District Headquarters are posted with the latest information within a few minutes.

Adequate facilities have not been provided at the railway station Chandigarh. It is just like a flag station. Government should look in to this matter.

